छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर
CHHATRAPATI SHAHU JI MAHARAJ UNIVERSITY, KANPUR

सन्दर्भ सं०: सी.एस.जे.एम.वि.वि. / सी.ओ.ई. / 1647 / 2021 — दिनांक : 05 / 08 / 2021

संशोधित

कार्यालय ज्ञाप

एतद्द्वारा आदेशानुसार सूचित किया जाता है कि मुख्य परीक्षा 2021 दिनांक 01 अगस्त, 2021 को सम्पन्न हुयी पर्यावरण अध्ययन की परीक्षा में भाग लेने से वंचित रह गये अथवा परीक्षा हेतु आवेदन करने से वंचित रह गये छात्र / छात्राओं की पुनः परीक्षा कराये जाने का निर्णय लिया गया है। अतः ऐसे समस्त छात्र / छात्राओं, के पर्यावरण अध्ययन विषय की परीक्षा निम्नांकित व्यवस्था के अनुरूप सुनिश्चित की जाती है :

1. सत्र 2020–21 के जिन संस्थागत / भूतपूर्व छात्र / छात्राओं की दिनांक 01 अगस्त, 2021 को सम्पन्न परीक्षा छूट गयी है अथवा जो परीक्षा आवेदन करने से वंचित रह गये हैं, ऐसे छात्र / छात्राओं की सूची (निम्न प्रारूप पर) सम्बन्धित महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा दिनांक 6 अगस्त, 2021 से दिनांक 09 अगस्त, 2021 तक विश्वविद्यालय की ई–मेल आईडी : controllercsjmu@gmail.com पर तथा पत्र के माध्यम से परीक्षा नियन्त्रक कार्यालय में उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें।

क.सं.	कक्षा	अनुक्रमांक	छात्र / छात्रा का नाम	पिता का नाम	महाविद्यालय का नाम

2. सत्र 2020–21 के जिन व्यक्तिगत छात्र / छात्राओं की पर्यावरण की परीक्षा छूट गयी है, वे तीन कार्य दिवसों में ई–मेल आईडी controllercsjmu@gmail.com पर सूचना उपलब्ध करायें। ऐसे छात्र / छात्राओं की पुनः परीक्षा हेतु पूर्व निर्गत प्रवेश--पत्र ही मान्य होगा।
3. सत्र 2019–20 एवं पूर्व के छात्र / छात्राओं को निर्धारित शुल्क के साथ विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर ऑनलाईन आवेदन कराना होगा। सम्बन्धित अभ्यर्थियों द्वारा परीक्षा शुल्क का भुगतान केवल पेमेन्ट गेटवे के माध्यम से किया जायेगा।
4. **पर्यावरण की उक्त परीक्षा दिनांक 13 अगस्त, 2021 को अपराह्न 2:00 से 3:30 तक सम्पन्न करायी जयेगी।**

ऐसे छात्र / छात्राएँ जो दिनांक 01 / 08 / 2021 को सम्पन्न परीक्षा में सम्मिलित हुये हैं, यदि परीक्षा में पुनः सम्मिलित होते हैं, उनका परीक्षाफल घोषित नहीं किया जायेगा।

अभ्यर्थियों के प्रवेश–पत्र केवल विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध होंगे, डाक द्वारा अलग से प्रवेष पत्र प्रेषित नहीं किए जायेंगे। सत्र 2019–20 एवं पूर्व के छात्र / छात्राओं हेतु ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया एवं ऑनलाइन आवेदन करने सम्बन्धी सम्पूर्ण जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट **www.kanpuruniversity.org** के होमपेज पर बने लिंक **"On-Line Back paper for Environmental Study Exam -2021"** पर उपलब्ध होगी। सत्र 2019–20 एवं पूर्व के ऐसे छात्र / छात्राएँ जिन्होंने पर्यावरण अध्ययन की परीक्षा हेतु आवेदन किया है, उनका परीक्षाफल पूर्व निर्गत प्रमोशन नियमावली अन्तर्गत घोषित किया जायेगा।

पूर्व निर्गत कार्यालय ज्ञाप सी.एस.जे.एम.वि.वि. / सी.ओ.ई. / 1633 / 2021 दिनांक 04 / 08 / 2021 को उक्त सीमा तक संशोधित माना जाये।

(डा0 अंजनी कुमार मिश्र)
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. प्राचार्य / प्राचार्या, विष्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त सम्बन्धित महाविद्यालय ।
2. समस्त अधिकारीगण / प्रभारी, कूट प्रकोष्ठ।
3. प्रभारी, संगणक केन्द्र को इस आशय से प्रेषित कि उक्त कार्यालय–ज्ञाप को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर तथा विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त सम्बन्धित महाविद्यालयों के कालेज लॉगिन पर अपलोड कराने के साथ ही उक्तानुसार ऑनलाइन आवेदन की कार्यवाही प्रारम्भ कराये जाने का कष्ट करें।
4. मीडिया प्रभारी एवं सम्पादक / संवाददाता, दैनिक जागरण / अमर उजाला / हिन्दुस्तान / दैनिक आज / आई.नेक्स्ट / अमर उजाला कॉम्पैक्ट को इस आशय से प्रेषित कि उक्त कार्यालय ज्ञाप को सम्मानित दैनिक के समस्त संस्करणों में जनहित में निःशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करें।
5. निजी सचिव कुलपति, मा० कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
6. वैय० सहायक, वित्त अधिकारी / कुलसचिव / परीक्षा नियंत्रक।

परीक्षा नियंत्रक